# इस बार का जनसमर्थन अभूतपूर्व है : पीएम

**डिब्रूगढ़, असम, 6 अप्रैल। असम- असम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को डिब्रूगढ़ में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इस बार का जनसमर्थन अभूतपूर्व है.पीएम ने कहा कि डिब्रूगढ़ आने का कई बार अवसर मिला है, लेकिन इस बार का जोश और उत्साह उन्हें पहले कभी नहीं दिखा.**



पीएम मोदी ने असम की सांस्कृतिक विविधता की सराहना करते हुए कहा कि अहोम, कोच-राजबंशी, मोरान, मोतोक, मिसिंग और देवरी समुदाय सदियों से सौहार्द के साथ रहते आए हैं.उन्होंने भूपेन हजारिका, गोपीनाथ बोरदोलोई और ज्योति प्रसाद अग्रवाल जैसी महान हस्तियों को याद करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से भाजपा-एनडीए सरकार डिब्रूगढ़ को एक बड़े आर्थिक हब के रूप में विकसित कर रह है.पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि नुमालीगढ़ से डिब्रूगढ़ तक हाईवे की उपेक्षा कांग्रेस के शासनकाल का उदाहरण है.

उन्होंने बोगिबिल ब्रिज, भूपेन हजारिका सेतु और जोरहाट-माजुली सेतु जैसी परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि अब क्षेत्र में विकास की नई गति देखी जा रही है. असम विधानसभा चुनाव के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिब्रूगढ़ में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार का जनसमर्थन अभूतपूर्व है.प्रधानमंत्री ने कहा कि डिब्रूगढ़ आने का कई बार अवसर मिला है.

### केरल में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर

**नई दिल्ली/पेरावूर, 06 अप्रैल.** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने



सोमवार को केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है और भ्रष्टाचार ने हर व्यवस्था को कमजोर कर दिया है.सुश्री वाड्रा ने आज केरल के पेरावूर में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पिनरई विजयन के नेतृत्व वाली सरकार पर आम जनता की बजाय पूंजीपतियों के हित में काम करने का आरोप लगाया.

### कोविड जैसी अव्यवस्था अब एलपीजी संकट में भी

**नई दिल्ली, 06 अप्रैल.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास



रसोई गैस (एलपीजी) संकट से निपटने की कोई नीति नहीं है और इस समय भी वही अवस्था देखने को मिल रही है जो देश के लोगों ने कोविड के समय देखी थी. श्री गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, मोदी जी ने कहा था.

# 19 सदस्यों को राज्यसभा की दिलाई शपथ

**नई दिल्ली 06 अप्रैल। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने सोमवार को नवनिर्वाचित और दोबारा चुनकर आये 19 सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई.**



शपथ लेने वाले सदस्यों में छह तमिलनाडु से , पांच महाराष्ट्र , पांच पश्चिम बंगाल और तीन ओडिशा से हैं.इनमें से तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के चार-चार, (द्रमुक) के दो, (राकांपा) , रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया, शिव सेना, राकांपा (शरद पवार), बीजू जनता दल, कांग्रेस, अन्नाद्रमुक, पीएमके, मरूमलारची द्रमुक का एक - एक और एक निर्दलीय सदस्य शामिल हैं.शपथ लेने वाले सदस्यों में तीन महिलाएं और 16 पुरूष हैं.इनमें से पांच सदस्य सदन में दोबारा चुनकर आये हैं.शरद चंद्र पवार ने सदन में व्हील चेयर पर बैठकर शपथ ली.महाराष्ट्र से शपथ लेने वाले सदस्यों में भाजपा की माया चिंतामन इवनाटे और रामराव सखाराम वडकुटे ने मराठी में शपथ ली.राकांपा (शरद पवार) के श्री पवार और आरपीआई के रामदास आठवले ने हिन्दी में और शिवसेना की डॉ. ज्योतिनाथ नागनाथ वाघमारे ने मराठी में शपथ ली.ओड़िशा से भाजपा के मनमोहन सामल ,बीजू जनता दल के संतृप्त मिश्रा और निर्दलीय दिलीप कुमार राय ने उड़िया में शपथ ली.तमिलनाडु से द्रमुक के कांन्सटेंडिन रविन्द्रन और तिरूचि शिवा, कांग्रेस के क्रिस्टोफर मणिक्कम, मरूमलारची द्रमुक के एल के सुधीश, अन्नाद्रमुक के एम तम्बी दुरै और पीएमके के अंबूमणि रामदास ने तमिल में शपथ ली.श्री पवार, श्री आठवले, श्री रामदास, श्री शिवा और श्री दुरै उच्च सदन के लिए एक बार फिर से चुने गये हैं.

# देश की सुरक्षा ही व्यक्तिगत प्रगति की कुंजी

- मोहन भागवत ने कहा राष्ट्र की समृद्धि और सुरक्षा जरूरी
- आरएसएस प्रमुख ने कोच्चि में सम्मेलन में कहीं प्रेरक बातें

**कोच्चि, 6 अप्रैल.राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि व्यक्तिगत समृद्धि और सुरक्षा तभी संभव है जब देश समृद्ध और सुरक्षित हो.उन्होंने यह विचार कोच्चि में बालागोकुलम द्वारा आयोजित दो दिवसीय छात्र सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान वंहा पर लोगों को संबोधित किया.**



भागवत ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है और व्यक्तिगत करियर विकास और देश के लिए काम करना परस्पर विरोधी नहीं हैं.उनका कहना था कि जब व्यक्ति देश की प्रगति के लिए कार्य करता है, तब परिवार और स्वयं को भी लाभ होता है.सम्मेलन में भागवत ने युवाओं को सही मार्ग चुनने का संदेश दिया और कहा कि करियर बनाने और राष्ट्र के लिए काम करने में कोई विरोध नहीं होना चाहिए.उन्होंने बच्चों के साथ संवाद किया और भगवान कृष्ण को पुष्पांजलि अर्पित की.इस अवसर पर भागवत ने यह भी बताया कि अक्सर लोग राष्ट्र निर्माण में योगदान देने से पीछे हटते हैं, जबकि यही योगदान व्यक्तिगत और सामाजिक समृद्धि का मार्ग खोलता है.भागवत ने कहा कि जब देश समृद्ध और सुरक्षित होता है, तभी परिवार और व्यक्ति भी समृद्ध और सुरक्षित होते हैं.राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने वाले व्यक्ति स्वाभाविक रूप से व्यक्तिगत रूप से उन्नति करते हैं.उन्होंने युवाओं को स्पष्ट किया कि करियर निर्माण और राष्ट्र सेवा में कोई विरोधाभास नहीं है, और सफलता का मूल मंत्र सही मार्ग चुनना है.आरएसएस प्रमुख ने सम्मेलन में भाग लेने वाले बच्चों के साथ संवाद किया और उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के महत्व के बारे में समझाया.उन्होंने भगवान कृष्ण को पुष्पांजलि अर्पित की और कहा कि सांस्कृतिक मूल्यों के साथ आधुनिक शिक्षा और कौशल विकास भी आवश्यक हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने अडानी को दी राहत

**नई दिल्ली, 6 अप्रैल.सुप्रीम कोर्ट ने उद्योगपति गौतम अडानी को बड़ी राहत देते हुए जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के अधिग्रहण में राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया.इससे अडानी समूह की 14,535 करोड़ रुपये की डील का रास्ता साफ हो गया.शीर्ष अदालत ने एनसीएलएटी को निर्देश दिया कि वह इस मामले पर जल्द फैसला करे.**

अदालत ने जेएएल की निगरानी समिति को भी सुरक्षा प्रदान की है, ताकि वह एनसीएलएटी की पूर्व स्वीकृति के बिना कोई प्रमुख नीतिगत निर्णय न ले.वेदांता लिमिटेड ने अडानी समूह की बोली पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, लेकिन अदालत ने इसे खारिज कर दिया.दोनों पक्षों ने सुनवाई में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है.अब एनसीएलएटी इस विवाद पर 10 अप्रैल से अंतिम सुनवाई करेगा.अडानी और वेदांता की बोलियों में अंतर 500 करोड़ रुपये का है.सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अपील पर जल्द फैसला होने की संभावना है और अंतरिम आदेश में हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है.



### सीबीआई को पेमा खांडू मामले में जांच का आदेश

**नई दिल्ली, 06 अप्रैल.** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के परिवार से जुड़ी कंपनियों को ठेका देने के आरोपों की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को आदेश दिया.न्यायालय श्री खांडू के खिलाफ इन आरोपों की सीबीआई या विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने की मांग करने वाली याचिका पर आज सुनवाई कर रही थी.

## पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ऊर्जा संकट की आशंका : मेलोनी

**रोम, 06 अप्रैल.**इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने स्वीकार किया है कि यदि पश्चिम एशिया में स्थिति और बिगड़ती है तो देश को ऊर्जा की कमी का सामना करना पड़ सकता है ।कोरिरे डेला सेरा अखबार ने शनिवार को इटली के चार हवाई अड्डों—मिलान, वेनिस, ट्रेविसो और बोलोग्ना में जेट ईंधन पर लागू किये गये पहले प्रतिबंध की जानकारी दी ।सुश्री मेलोनी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि जब खाड़ी देशों में अस्थिरता बढ़ती है, तो इसका सीधा असर ऊर्जा की लागत, व्यवसायों, नौकरियों और अंतत: परिवारों की क्रय शक्ति पर पड़ता है.

## कुपवाड़ा में गलती से गोली चली, जवान की मौत

**श्रीनगर, 06 अप्रैल.**जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक कैंप में अपनी सर्विस राइफल से गलती से गोली चलने के कारण घायल हुए हरियाणा के एक जवान की मौत हो गयी.अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि 20-25 साल की उम्र का यह जवान शनिवार रात हंदवाड़ा के लंगाते इलाके में सेना के कैंप में अपनी ही सर्विस राइफल से गलती से गोली चलने के कारण घायल हो गया था.उसे शुरू में इलाज के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी ) हंदवाड़ा ले जाया गया था, और बाद में बेहतर इलाज के लिए श्रीनगर में सेना के 92 बेस अस्पताल में भेजा गया था, जहां उसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी.

# अंजली दमानिया ने अशोक खरात के सीडीआर का किया खुलासा

**मुंबई, 06 अप्रैल। सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने गिरफ्तार स्वयंभू बाबा अशोक खरात से जुड़े कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) को सार्वजनिक किया है और इस रिकॉर्ड में खरात की कई राजनेताओं के साथ कथित बातचीत का खुलासा हुआ है.**

इस विवाद ने महाराष्ट्र में बड़ा राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। सुश्री दमानिया ने इस मामले की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने की मांग की है। उधर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने भी मामले के तूल पकड़ने के बाद सोमवार को यह घोषणा कर दी है कि वह स्वयंभू बाबा अशोक खरात से जुड़े सीडीआर मामले की गहन जांच करायेंगे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अशोक खरात की संपत्ति की भी जांच करेगा। श्री फड़णवीस ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अनधिकृत व्यक्तियों के लिए सीडीआर तक पहुंच बनाने पर सख्ती से रोक है। उन्होंने कहा कि केवल नामित एजेंसियों को ही ऐसे डाटा एक्सेस का अधिकार है। राज्य सरकार इस बात की जांच करेगी कि यह जानकारी कैसे लीक हुई और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी.

### आज का इतिहास

- 1818- ब्रिटिश सरकार ने बिना मुकदमे के लोगों को निर्वासित करने और हिरासत में रखने वाला कानून बंगाल स्टेट प्रिजनर्स रेगुलेशन एक्ट पेश किया। यह कानून देश की आजादी तक प्रभावी रहा.
- 1919-बाबेरियन सोवियत गणराज्य की स्थापना.
- 1920 -भारत के प्रसिद्ध सितार वादक पं रवि शंकर का जन्म.
- 1929- पहली वाणिज्यिक उड़ान भारत पहुंची, जब ब्रिटेन के इंपीरियल एयरवेज की लंदन-काहिरा सेवा को कराची तक बढ़ाया गया।
- 1942-जम्पिंग जैक के नाम से प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता जितेंद्र का जन्म हुआ.
- 1946 -फ्रांस से सीरिया की आजादी का अनुमोदन.

# अलेक्जेंडर लियोनोव का 74 वर्ष की आयु में निधन

**मॉस्को, 6 अप्रैल।** रूस के प्रमुख मिसाइल डिजाइनर अलेक्जेंडर लियोनोव का निधन 74 वर्ष की आयु में हो गया। लियोनोव, जिन्हें हीरो ऑफ लेबर गोल्डन स्टार से सम्मानित किया गया था, ब्रह्मोस एनजी और जिरकॉन हाइपरसोनिक मिसाइल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं. लियोनोव (एनपीओ माशिंनोस्त्रोयेनिया) के प्रमुख डिजाइनर और सीईओ थे। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के रूसी संयुक्त उद्यम का हिस्सा है.

जो भारत के साथ मिलकर मिसाइल प्रणालियों का विकास करता है। उनके नेतृत्व में ग्रेनाइट, वल्कन और बैस्टियन तटीय रक्षा प्रणाली समेत कई उन्नत मिसाइल प्रणालियों का विकास हुआ। जिरकॉन हाइपरसोनिक क्रूज



मिसाइल, जिसे सतह और जमीनी लक्ष्यों के लिए डिज़ाइन किया गया है, उनके प्रमुख योगदानों में से एक थी।

लियोनोव की विशेषज्ञता और नवाचार ने रूसी मिसाइल प्रौद्योगिकी को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया। उनके निधन से रक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्र में एक बड़ी क्षति हुई है।

# मोहाली जिला अदालत को बम से उड़ाने की धमकी

**मोहाली, 6 अप्रैल. मोहाली जिला अदालत को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी.धमकी अदालत के सरकारी ईमेल के जरिए आई थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए एसपी दलबीर सिंह ने पूरे परिसर को खाली करवा दिया और बम निरोधक दस्ते को बुलाया.करीब दो घंटे तक चलने वाले सर्च ऑपरेशन में अदालत परिसर, आसपास के क्षेत्र और सभी प्रवेश द्वार की बारीकी से जांच की गई.**

धमकी अदालत के सरकारी ईमेल पर मिली थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए एसपी दलबीर सिंह ने पूरे परिसर को खाली करवा दिया.बम निरोधक दस्ते ने अदालत परिसर और आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की.सुरक्षा उपायों के तहत अदालत को चारों तरफ से सील कर दिया गया और किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई.इस दौरान अदालत में मौजूद सभी वकील, कर्मचारियों और अन्य अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया.पुलिस टीम ने कोर्ट परिसर के हर हिस्से को जांचते हुए किसी भी संदिग्ध वस्तु की तलाश की.

# सुरक्षा का अर्थ सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं

**नई दिल्ली, 06 अप्रैल। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आर्मी मेडिकल कोर के 262 वें स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत सोमवार को यहां सेना अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) में नेत्र विज्ञान, कैंसर चिकित्सा तथा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटरों की आधारशिला रखी तथा दिल्ली छावनी स्थित बेस अस्पताल में नए बुनियादी ढांचे का शिलान्यास किया.**

रक्षा मंत्री ने सैन्य चिकित्सा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए निरंतर नवाचार, क्षमता निर्माण और आधुनिक प्रौद्योगिकियों के एकीकरण के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस नई सुविधाएं



सेवारत कर्मियों, पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करेंगी. उन्होंने देश के चारों कोनों में सेना अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) के समान संस्थान स्थापित करने की संभावनाओं का अध्ययन करने का सुझाव दिया, ताकि हर क्षेत्र के सैनिकों को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि नए संस्थान बनाने के बजाय मौजूदा कमान और बेस अस्पतालों को उन्नत कर इस स्तर तक लाया जा सकता है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आज के समय में सुरक्षा का अर्थ केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। जब सैनिकों को श्रेष्ठ चिकित्सा सहायता का विश्वास होता है, तो वे बिना भय के अपने मिशन पूरे करते हैं. उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक मानकों से नहीं आंकी जा सकती, बल्कि जनस्वास्थ्य भी एक महत्वपूर्ण आयाम है. चिकित्सा क्षेत्र को बदलती चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को निरंतर अद्यतन करना होगा और समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ना होगा.

रक्षा मंत्री ने सैन्य नर्सिंग सेवा की नर्सों के योगदान की सराहना की और कहा कि वे चिकित्सा बलों की आधारशिला हैं. सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें पूर्व सैनिक का दर्जा देने का हाल का निर्णय सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

**NAME CHANGE**

I, Ramandeep Khanuja W/O, Prabhajot Singh Chawla R/o A54, Braj Vihar Colony, Bistan Road, Khargone, MP have changed my name to Ramandeep Kaur Chawla for all purposes.

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1, इन्दौर**

eepwd1ind@mp.nic.in / Ph.no.0731-2490978

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02/व.ले. लि/2026-27/ इन्दौर दिनांक 02.04.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देख जा सकता है।

| स.क्र. | ऑनलाईन टेण्डर नं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानतराशि (रू.) | निविदाप्रपत्र की राशि | कार्यपूर्णकरने की निर्धारित अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_PWDRB _497356_1 | 14.04.2026 को अंबेडकर जयंती के लिए बैरिकेडिंग, ग्रीन रूम का कार्य, टेंट कार्य और इसी प्रकार के अन्य कार्य सब डिवीजन डॉ. अंबेडकर नगर महू के अंतर्गत। | 55.70 | 55700.00 | 10000.00 | 14.04.2026 तक वर्षाकाल सहित |
| | | कुल योग | 55.70 | | | |

1. उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेंट करने के पश्चात बिडडॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. बिड प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुत कर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। 1. बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण 2. अरनेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण, 3. चेकलिस्ट, 4. एफिडेविट 5. पीडब्ल्यूडी पंजीकरण 6. जीएसटी 7. पैन कार्ड 8. एनेक्चर - एच विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की तिथि दिनांक 06.04.2026 10:00 से दिनांक 11.04.2026 18:00 बजे तक निर्धारित है।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एंव अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
5. निविदा मे किसी भी प्रकार का संशोधन समाचारपत्रों में प्रकाशन नहीं किया जा कर सिर्फ वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा,

* एनेक्चर - बी एफिडेविट (नॉन ज्यूडिशियल स्टाम 200 /- )

G11148/26

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संभाग क्र. 1 इन्दौर

**न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (डॉ. रिंकेश कुमार वैश्य) जिला, इन्दौर (म.प्र.)**
(प्रशासनिक संकुल कक्ष क्रं. जी-11)

क्रमांक/1426/अकरी/2026 इन्दौर, दिनांक : 31/03/2026
प्रकरण क्रं./0617/ब-121/2025-26

**पेपर विज्ञप्ति**

प्रति,
**(1) मेसर्स श्रीजी प्रोटीन द्वारा प्रोपराइटर**
पता - 33 शॉप नं. 1 व 2, गुलाब बाग, मुसाखेड़ी इंदौर म.प्र.
**(2) श्री आकाश सोनी पिता श्री रविन्द्र सोनी**
**(3) श्रीमती पिन्की सोनी पति श्री रविन्द्र सोनी**
**दोनों का पता** - ब्लॉक एस 295, मालवा कॉउन्टी मांगलिया बायपास रोड़ इंदौर
**द्वारा:- पेपर प्रकाशन।**

--0--

**प्राधिकृत अधिकारी, सीएफएम असेट रिकन्सट्रक्शन प्राइवेट लि.,** रजि. ऑफिस:- पहली मंजिल वेकफिल्ड हाउस, स्प्रोट रोड़, बेलार्ड एस्टेट, मुम्बई-400038, कार्यालय ऑफिस:- ब्लॉक नं. ए/1003 वेस्ट गेट, वॉयएमसीए क्लब के पास एस.जी. हाईवे, मकरबा, अहमदाबाद-38001 द्वारा आवेदन कर निवेदन किया गया है कि **बंधक संपत्ति** ग्राम चितावद, वार्ड नं. 64, सर्वे क्रमांक 46/1/1 एवं सर्वे क्रमांक 46/1/2, हाईवे टॉवर पैकी लोअर ग्राउण्ड फ्लोर प्रकोष्ठ क्रमांक एल.जी. 01 तहसील व जिला इन्दौर पर बकाया ऋण राशि का चुकारा आपके द्वारा नहीं किया गया और न ही प्रतिभूति संपत्ति का कब्जा ही सौंपा गया है। अतः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूतहित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 14 में प्रतिभूति के रूप में रखी सम्पत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अतः इस संबंध में एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला इन्दौर **कक्ष क्रमांक जी -11 में दिनांक 08.04.2026 को दोपहर 03.00 बजे** होगी। आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहे। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी**
**जिला-इन्दौर (म.प्र.)**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बड़वानी जिला - बड़वानी (म.प्र.)**

क्रमांक / 1026 / लो.नि./ 2026 बड़वानी, दिनांक 6/4/2026

**-: निविदा आमंत्रण:-**

समस्त केन्द्रीयकृत, पंजीकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है। कि, मध्यप्रदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रचलित एस. ओ. आर. के आधार पर कम / अधिक प्रतिशत दर पर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 22.04.2026 को दोपहर 4.00 बजे तक मय धरोहर राशि के, निविदाएं आमंत्रित की जाती है तथा दिनांक 22.04.2026 को समयावधि में प्राप्त निविदाऐं कार्यालयीन समय में उपस्थित निविदादाताओ या उनके प्रतिधिनिधियो के समक्ष खोली जावेगी।

निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय में दिनांक 21.04.2026 को सायं 5:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखो में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर राशि | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विधायक निधि (विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 185 खरगोन) से बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य पाटीदार समाज छात्रावास परिसर सेगांव फाटा ओलंपिक चौराहा | 5.00 लाख | 2000/- | 5000/- | 90 दिवस |
| 2 | विधायक निधि (विधानसभा क्षेत्र क्र. 190 बड़वानी) से अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पेंशनर्स भवन के पास | 5.25 लाख | 2000/- | 5250/- | 90 दिवस |
| 3 | विधायक निधि (विधानसभा क्षेत्र क्र. 190 बड़वानी) से वार्ड क्रं. 23 रामकुल्लेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 5.04 लाख | 2000/- | 5040/- | 90 दिवस |

(श्रीमती सोनाली शर्मा) — मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका बड़वानी
(सुभाष भावसार) — उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बड़वानी
(श्रीमती अश्विनी निक्कु चौहान) — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बड़वानी

**केन फिन होम्स लिमिटेड**
CanFinHomes Ltd (Sponsor: CANARA BANK)
(CIN:L85110KA1987PLC008699)

पिथमपुर शाखा: जी-1, जीवन कॉम्प्लेक्स, महू-नीमच रोड, पिथमपुर, जिला धार (म.प्र.)
फोन नं.: 07292-252542, 76250 79242, e-mail: pithampur@canfinhomes.com

परिशिष्ट - IV-A
(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

एतद् द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणी(यों) **श्री ब्रजेश सिंह पिता श्री राघव सिंह एवं श्रीमती नीलम सिंह पति श्री ब्रजेश सिंह** को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्जा **केन फिन होम्स लिमिटेड, पिथमपुर शाखा के प्राधिकृत अधिकारी** द्वारा लिया गया है, जिसे **12.05.2026** को जैसा है जैसा है जहां है, जैसा है जो है और जो कुछ भी है के आधार पर ई-नीलामी के द्वारा **श्री ब्रजेश सिंह पिता श्री राघव सिंह एवं श्रीमती नीलम सिंह पति श्री ब्रजेश सिंह (ऋणी)** से **केन फिन होम्स लिमिटेड** को देय **रु.19,51,729/- (उन्नीस लाख, इक्यावन हजार, सात सो उनतीस मात्र) दिनांक 06.04.2026** से अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क की वसूली के लिए बेचा जाएगा। **आरक्षित मूल्य रुपये 16,00,000/- (सोलह लाख रुपए मात्र) और बयाना राशि 1,60,000/- रुपए (एक लाख साठ हजार रुपए मात्र) होगी।**

**अचल संपत्ति का विवरण**

मकान नं. 336, 336-बी का उत्तरी भाग, कल्याण संपत ग्रीन्स, ग्राम कालीबिल्लोद, तहसील देपालपुर, जिला इन्दौर (म.प्र.) पर स्थित संपत्ति, **प्लाट का क्षेत्रफल: 400 वर्गफीट एवं बिल्टअप क्षेत्रफल 800 वर्गफीट, चर्तु:सीमा: पूर्व:** प्लाट नं. 329, **पश्चिम:** कॉलोनी की सड़क, **उत्तर:** प्लाट नं. 337, **दक्षिण:** इसी प्लाट का शेष भाग

बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें केन फिन होम्स लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट **(www.canfinhomes.com)** पर उपलब्ध कराई गई है। कृपया निम्नलिखित लिंक **https://www.canfinhomes.com/Searchuction.asp** देखें।

**दिनांक: 06.04.2026, स्थान: पिथमपुर** कृते/-प्राधिकृत अधिकारी, केन फिन होम्स लिमिटेड